Title: Need to effectively implement the Central Schemes for the benefit of the rural poor particularly in Madhya Pradesh-Laid.

डॉ0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर): केन्द्र सरकार द्वारा सरकार देश भर के किसानों के हित में कई योजनाएं प्रारंभ की गयी हैं, जिनमें फसल, बीमा योजना, किसानों की उपज का समर्थन मूल्य, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों के लिये सस्ते दरों पर खाद्यान्न की आपूर्ति तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार हेतु विभिन्न योजनाएं तथा एतदर्थ भारी राशि केन्द्र द्वारा विभिन्न प्रदेशों को जिनमें मध्य प्रदेश व राजस्थान प्रमुख है, दी गयी है, किंतु इन प्रदेशों में न तो फसल बीमा का लाभ ही किसानों को मिल पाया है न समर्थन मूल्य का लाभ ही किसान प्राप्त कर पाते हैं। गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों के लिए आरंभ की गयी योजनाओं की भी यही स्थिति है और व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि इन योजनाओं के लिए भविय में ऐसी मानिटरिंग व्यवस्था हो कि समय पर योजनाओं के लिए दी गयी राशि किसानों व ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे व उससे किसान व ग्रामीण क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो सके।